अतिआवश्यक

संख्याःशिक्षा–शिमला(1–6)9/2019–आडिट–
कार्यालय उप निदेशक उच्चतर शिक्षा
शिमला जिला शिमला–171001

दिनांक शिमला–171001

Dy. Director of Higher Education
236807–23213
15 JUL 2019
Shimla-1

सेवा में

समस्त प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक,
रा0व0मा0पा0/रा0उ0पाठशाला
जिला शिमला

विषयः– पुरानी बकाया लेखा परीक्षा आपत्तियों के (निपटारे) हेतु तदर्थ समिति की बैठक बारे।

ज्ञापन,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि पुराने लम्बित आडिट पैरों को निपटाने हेतु दिनांक 25 व 26 सितम्बर,2019 को तदर्थ समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। अतः इस सन्दर्भ में आपको निर्देश दिये जाते हैं कि आप अपनी पाठशाला के लम्बित आडिट पैरों, जिन पर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है व जो पैरे समायोजन के लिये पूर्णतया तैयार हैं, उन पैरों के सटिप्पण उत्तर व उत्तरों से सम्बन्धित अभिलेखों की तीन-2 छायाप्रतियों सहित इस पत्र की प्राप्ति के दस दिनों के भीतर इस कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें व साथ ही पाठशाला के लम्बित आडिट पैरों से सम्बन्धित सूचना निम्न प्रपत्र अनुसार इस कार्यालय को प्रेषित करें । जिन लम्बित आडिट पैरों के ऊपर अभी तक कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है उन पैरों के समायोजन से सम्बन्धित कार्यवाही तुरन्त पूर्ण करें ताकि तदर्थ समिति की बैठक में अधिक से अधिक लम्बित आडिट पैरों का समायोजन किया जा सके।

कम संख्या	लेखा परीक्षा एवम् निरीक्षण टिप्पणी अवधि	कुल पैरे	समायोजित पैरे	असमायोजित पैरे (पैरा संख्या अनुसार)

इसे अतिआवश्यक समझें और लम्बित पैरों को व्यक्तिगत तौर पर प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का प्रयास करें। मामले में किसी भी प्रकार के विलम्ब हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगें।

उप निदेशक उच्चतर शिक्षा
शिमला जिला शिमला–171001

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांक शिमला–171001
प्रतिलिपिः–

1. शिक्षा निदेशक हि0प्र0 शिमला–1 को सूचनार्थ प्रेषित है ।
2. रक्षक नस्ति।

उप निदेशक उच्चतर शिक्षा
शिमला जिला शिमला